# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 22 July 2026

Yesterday, Quiz:

## Q. पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में कौनसी लागू करने की घोषणा की थी?

(A) 'वन राज योजना

(B) 'वन पुत्र' योजना

(C) 'वन मित्र' योजना

(D) इनमें से कोई नही

वन विभाग ने राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम सात 'वन मित्र' पंजीकृत करने के निर्देश जारी किए हैं। इनमें न्यूनतम दो महिलाओं का चयन अनिवार्य होगा।

- इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) आनंद कुमार ने सभी मुख्य वन संरक्षकों को आदेश जारी कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।
- आदेश के अनुसार राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में 'वन मित्र' योजना लागू करने की घोषणा की थी
- वन मित्र अपने-अपने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, जन सहभागिता बढ़ाने और विभागीय गतिविधियों में सहयोग की भूमिका निभाएंगे।इनका चयन एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा

## Yesterday Revision

**प्रश्न 1: 11 से 13 जुलाई तक चंडीगढ़ में आयोजित योनेक्स-सनराइज नॉर्थ जोन प्राइम मनी बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में जयपुर की मिराया फागरिया ने कौन सा पदक जीता?**

**उत्तर: स्वर्ण पदक (अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स में)।**

**प्रश्न 2: 16 जुलाई 2026 को जयपुर में आयोजित 'विदेश संपर्क-स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस' का मुख्य विषय (Theme) क्या था?**

**उत्तर: "राजस्थानी विदेश सुरक्षित जाएं, प्रशिक्षित जाएं"।**

**प्रश्न 3: राजस्थान के निशित कालानी ने यूरोप के लिथुआनिया में आयोजित 37वें अंतरराष्ट्रीय बायोलॉजी ओलंपियाड (IBO-2026) में कौन सा मेडल जीता है?**

**उत्तर: सिल्वर मेडल।**

**प्रश्न 4: राजस्थान के शिक्षा विभाग ने स्कूलों में एआई (AI) और डिजिटल शिक्षा को मजबूत करने के लिए हाल ही में किस फाउंडेशन के साथ समझौता (MoU) किया है?**

**उत्तर: पिरामल फाउंडेशन के साथ।**

**प्रश्न 5: राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यव्यापी 'साइबर सुरक्षा अभियान' की शुरुआत कब की?**

**उत्तर: 20 जुलाई को।**

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान के अलवर स्थित अपने मौजूदा संयंत्र में टैफे की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी TMTL ने डॉयट्स इंजन की नई विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

(B) यह इकाई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की मांग पूरी करेगी।

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी टीएएफई मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड (TMTL) ने राजस्थान के अलवर स्थित अपने मौजूदा संयंत्र में डॉयट्स इंजन की नई विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

- यह इकाई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की मांग पूरी करेगी।
- यह टीएमटीएल और औद्योगिक परंपरागत इंजन, प्रणाली तथा ड्राइव समाधान बनाने वाली जर्मनी की कंपनी डॉयट्स एजी के बीच उत्पादन एवं विनिर्माण क्षेत्र में यह पहली साझेदारी है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) प्रधान खनिजों के 141 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी के साथ राजस्थान ने प्रधान खनिजों की नीलामी में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।

(2) खनन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 55 प्रधान खनिज ब्लॉकों की नीलामी की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन शुरु किया है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं
(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान खनन क्षेत्र का सिरमौर बन कर उभर रहा है। प्रधान खनिजों के 141 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी के साथ राजस्थान ने प्रधान खनिजों की नीलामी में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।
- खान एवं भूविज्ञान विभाग द्वारा ई-नीलाम किये गये 141 प्रधान खनिज ब्लॉकों में से 105 खनिज ब्लॉकों की माइनिंग लीज और 30 खनिज ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की गई है।
- चालू वित्तीय वर्ष के भी आरंभिक तीन-साढ़े तीन माह में ही 14 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की जा चुकी है।
- खनन विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 55 प्रधान खनिज ब्लॉकों की नीलामी की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन शुरु किया है।
- वर्ष 2024-25 में 34 ब्लॉकों, वर्ष 2025-26 में 39 प्रधान खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की गई है।

**03.राजस्थान के किस शहर में मिस टीन दीवा 2026' के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया है?**

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर के जी स्टूडियो में 'मिस टीन दीवा 2026' के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया जिसमें देशभर से 37 फाइनलिस्ट के बीच कड़ा मुकाबला हुआ।
- मेघालय की ऐश्वर्या मलंग ने 'मिस टीन अर्थ इंडिया 2026', असम की स्निग्धा भुयान ने 'मिस टीन ग्रैंड इंडिया 2026' और ओडिशा की प्रसुचि पांडा ने 'मिस टीन यूनिवर्स इंडिया 2026' का खिताब अपने नाम किया।
- अब ये तीनों अंतरराष्ट्रीय मंचों पर 'मिस टीन अर्थ 2026', 'मिस टीन ग्रैंड 2026' और 'मिस टीन यूनिवर्स 2026' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान सरकार राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 'पश्चिमी राजस्थान में खजूर पौधारोपण क्षेत्रफल विस्तार' योजना चला रही है

(2) इसके तहत किसानों को खजूर का बगीचा लगाने पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 'पश्चिमी राजस्थान में खजूर पौधारोपण क्षेत्रफल विस्तार' योजना चला रही है।
- इसके तहत किसानों को खजूर का बगीचा लगाने पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। योजना का उद्देश्य पश्चिमी राजस्थान में खजूर की खेती का विस्तार करना और किसानों की आय बढ़ाना है।
- योजना के तहत एक किसान न्यूनतम 0.5 हेक्टेयर और अधिकतम 4 हेक्टेयर क्षेत्र में खजूर का बगीचा लगाने पर अनुदान का लाभ ले सकता है। इसके लिए किसान को उपनिदेशक उद्यान कार्यालय में आवेदन करना होगा।
- बीकानेर जिले में वर्तमान में करीब 350 हेक्टेयर क्षेत्र में खजूर की खेती हो रही है।

**05. राजस्थान के किस मंदिर को लंदन की संस्था मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 'ग्लोबल स्पिरिचुअल हेरिटेज एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है?**

(A) सालासर बालाजी मंदिर

(B) मेहंदीपुर बालाजी मंदिर

(C) श्री खाटू श्याम मंदिर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर को उसकी उत्कृष्ट धार्मिक, आध्यात्मिक और श्रद्धालु सेवा परंपरा के लिए लंदन की संस्था मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा 'ग्लोबल स्पिरिचुअल हेरिटेज एक्सीलेंस अवार्ड' (Global Spiritual Heritage Excellence Award) से सम्मानित किया गया है।

- श्री खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री शक्ति सिंह चौहान को पुरस्कार प्रदान किया गया
- इस अंतरराष्ट्रीय संस्था का उद्देश्य दुनिया भर के प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की उत्कृष्ट सेवाओं को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाना है।

जयपुर, सोमवार, 20 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-151

1. **राजस्थान** में पहली बार 'विदेश संपर्क- स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस' का आयोजन हाल ही में कहां किया गया?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) उदयपुर

2. **राजस्थान** कृषि विभाग ने कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने और छोटे-सीमांत किसानों को किराए पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए किसके साथ समझौता ज्ञापन किया है?
(A) महिंद्रा एग्री सॉल्यूशंस
(B) जॉन डियर किसान सेवा
(C) टैफे–जेफार्म सर्विसेज
(D) इफको ई-बाजार

3. **प्रधानमंत्री** ने हाल ही में 75 पुनर्विकसित 'अमृत स्टेशन' राष्ट्र को समर्पित किए, इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किस स्टेशन से वर्चुअली जुड़े?
(A) जयपुर (B) गोटन
(C) गंगापुर सिटी (D) डीग

4. **'रैक्सको'** का मुख्य रूप से संबंध किस क्षेत्र से है?
(A) नवीकरणीय ऊर्जा विकास
(B) पूर्व सैनिकों के कल्याण और रोजगार
(C) कृषि विपणन और जैविक खेती
(D) अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क निर्माण

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत जैसलमेर जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) येलो स्टोन के उत्पाद
(B) सोनामुखी के उत्पाद
(C) ग्रेनाईट के उत्पाद

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान के निशित कालानी ने यूरोप के लिथुआनिया (विल्नियस) में 37वें अंतरराष्ट्रीय बायोलॉजी ओलंपियाड (IBO-2026) में कौनसा मेडल जीता है?**

(A) सिल्वर मेडल

(B) ब्रोंज मेडल

(C) गोल्ड मेडल

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM
GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK
GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM
GK Search Engine